



# प्रतिभा सम्मान और करियर मार्गदर्शन समारोह का आयोजन

**230 से अधिक छात्र छात्राओं को किया सम्मानित**



**देवास।** देवास यूथ वेलफेयर एसोसिएशन द्वारा प्रतिभा सम्मान एवं करियर मार्गदर्शन समारोह का आयोजन किया गया। इस गरिमामयी कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. शमीम खान सेवा.नि. प्रिंसिपल रजिस्ट्रार म.प्र उच्च न्यायालय इंदौर थे, कार्यक्रम की अध्यक्षता देवांश त्रिवेदी कार्यकारी निदेशक शिवाजीराव कदम ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूट इंदौर ने की। कार्यक्रम मे विशेष अतिथि के रूप में प्रयास गौतम डायरेक्टर बीसीजी शिक्षा महाविद्यालय देवास एवं मेजर प्रिंस सिंह राजपूत उपस्थित थे। प्रारंभ में अतिथियों का स्वागत संस्था के शब्बीर अहमद मिर्जा मुशाईद बैग, सय्यद म?सूद अली, रामेश्वर पटेल, चंद्रपाल सिंह सोलंकी, आदिल पठान सर, डॉक्टर जावेद अली , जावेद पठान आदि ने किया। कार्यक्रम के संयो?क सय्यद म?सूद अली ने बताया कि सम्मान समारोह में कक्षा आठवीं में 75 प्रतिशत कक्षा दसवीं, कक्षा 12वीं, में 70 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 45 विद्यालयों के 230 से अधिक छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया और साथ ही 51000 रु की नगद स्कालरशिप भी वितरित की गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ शमीम खान ने अपने सम्बोधन मे कहा कि यह कार्यक्रम बहुत ही सराहनीय हैं जहाँ पर प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित करने के साथ साथ उनके उज्जवल भविष्य के लिए करियर से सम्बंधित जानकारी प्रदान कर उनका मार्गदर्शन किया जा रहा हैं साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को कहा की प?ाई के साथ साथ आप अपने परिवार और बुजुर्गों से जु? रहें उनका सम्मान करें इससे ही आपको भावनात्माक सहयोग प्राप्त होगा जो वर्तमान समय मे आवश्यक है।

विशेष अतिथि देवांश त्रिवेदी ने विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि आप अपना लक्ष्य निर्धारित करें, अपने लक्ष्य को पाने के लिए कठोर परिश्रम और मेहनत करें और सफलता के पथ पर आगे ब?ते रहें।

विशेष अतिथि प्रयास गौतम ने सफलता प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह आपके अथक प्रयास और मेहनत का परिश्रम है आप आगे ओर भी ऊंचाइयों को प्राप्त करें इसे ही अपना आख़िरी लक्ष्य या मं?िल ना माने और आगे प्रगति करते रहें। मेजर प्रिंस सिंह राजपूत ने विद्यार्थियों को कहा आप सफलता की ओर निडर होकर आगे ब?ते रहें कभी हार ना माने। आपको आपके जीवन मे कई बार असफलता मिलेगी मगर एक दिन आप सफलता के पथ पर अग्रसर होंगे साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को एन.डी. ए एवं सी.डी एस जैसी प्रतियोगी परीक्षाओ की जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम मे लक्ष्य समाधिया को जे.ई.ई मेंस मे 98 परसेंटाइल अंक प्राप्त करने पर, जैनब खान को म.प्र पुलिस मे कांस्टेबल के पद पर चयनित होने पर एवं अलीना शेख को इंडेक्स मेडिकल कॉलेज मे एम.बी.बी. एस परीक्षा मे गोल्ड मैडल प्राप्त करने पर विशेष सम्मान से सम्मानित किया।

सम्मान समारोह मे 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को स्व. शराफत अली, स्व. भगवान सिंह सोलंकी, स्व. सुल्ताना नईम, स्व. अ??ल अहमद मधुर, स्व. डॉ खदि?ा शेख की स्मृति शब्बीर अहमद, जमीलउद्दीन शेख (करीम), डॉ मुसव्विर अली, चंद्रपाल सिंह सोलंकी, समीरा नईम, दानिश पटेल द्वारा 42 विद्यार्थियों को 51000 /- रु की नगद राशि प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम मे अतिथियों द्वारा कक्षा आठवीं में मव्या शेख 93.83 प्रतिशत, सायमा खान 92 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के साथ कुल 72 विद्यार्थी, कक्षा दसवीं में तनुष्का श्रीवास्तव 97.4 प्रतिशत, सिमरन शेख 97.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के साथ कुल 85 विद्यार्थी, कक्षा 12वीं में ?ैबिया शेख 96.4 प्रतिशत, फातिमा कोहिनूर 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करने के साथ कुल 82 छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। अंत मे अतिथियों को स्मृति चिन्ह स्वरुप पौधे सय्यद सदाकत अली और मि?ा मुशब्बीर बैग ने भेंट किए। कार्यक्रम का संचालन सय्यद सदाकत अली ने किया एवं आभार मिर्जा मुशाहिद बैग ने माना।

इस अवसर पर टीसी शाक्यवाल, जेएल मोरछले, लिया?त कुरैशी, लियाकत अली, गम्मू खान, व?ार अली न?वी, एडवोकेट शादाब खान, केके मिश्रा, प्रेमनाथ तिवारी, ए. आर शेख, विकास महाजन सलीम शेख, तनवीर खान, अजहर अली, सुरेश चौधरी, शिवराज चावडा, अबरार खान, जाहिद शेख, शाहनवाज अली, आजाद शेख, सहित गणमान्य नागरिक, विद्यालयींन स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहें।

## एक नजर में

### तेज आंधी और बारिश से सोनकच्छ में गर्मी से राहत

**सोनकच्छ।** नगर एवं आसपास के क्षेत्र में रविवार शाम मौसम ने अचानक करवट ली। तेज हवाओं और आंधी के साथ हुई बारिश ने लोगों को भीषण गर्मी से बड़ी राहत दी। दिनभर उमस और गर्मी से परेशान नागरिकों ने मौसम सुहावना होने पर राहत की सांस ली। शाम के समय आसमान में बादल छाने के बाद तेज हवा चलना शुरू हुई, जिसके बाद बारिश का दौर शुरू हो गया। तापमान में गिरावट दर्ज की गई। कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी के कारण लोग परेशान थे, लेकिन बारिश के बाद मौसम खुशनुमा हो गया। हालांकि तेज आंधी के कारण कुछ स्थानों पर पेड़ों की शाखाएं टूटकर गिर गईं और बिजली आपूर्ति भी कुछ समय के लिए प्रभावित हुई। किसानों ने भी इस बारिश को फसलों और मौसम के लिए लाभकारी बताया। बारिश के बाद बच्चों और युवाओं ने भी मौसम का आनंद लिया, वहीं बाजारों में भी लोगों की आवाजाही बढ़ गई। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दिनों में भी बादल छाए रहने और हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है।

### राजपूत समाज की बैठक सम्पन्न, 17 जून को मनाई जाएगी महाराणा प्रताप जयंती

**सोनकच्छ।** श्री महाराणा प्रताप नवयुवक संगठन तहसील सोनकच्छ एवं क्षत्रिय राजपूत समाज द्वारा महाराणा प्रताप जयंती के आयोजन को लेकर श्री खेड़ापति मंदिर सोनकच्छ में तहसील स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 17 जून को महाराणा प्रताप जयंती भव्य एवं गौरवपूर्ण ढंग से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों, स्वाभिमान शौर्य यात्रा तथा समाज की व्यापक सहभागिता को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। समाज बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की गई। बैठक में रणधीर सिंह बघेल, विजय सिंह बघेल, मोहन सिंह बघेल, दिनेश सिंह चौहान, आनंद सिंह बघेल, जितेंद्र सिंह बघेल, अजय सिंह राजपूत, राजेंद्र सिंह मोड़रिया, विजेंद्र सिंह मानसा, पुष्पेंद्र सिंह तोमर, नितिन सिंह भदौरिया, ईश्वर सिंह जाधव, विजेन्द्र सिंह गोहिल, राजूप्रताप सिंह गौड़, विनोदसिंह गौड़, सवाई सिंह ओढनी, युवराज सिंह बीसाखे?ी, शिवपाल सिंह राजपूत, राहुल सिंह बेराखेड़ी, हर्षित सिंह बघेल, पुष्पेन्द्र सिंह बैंस, अमित दरबार, गोविंद सिंह बघेल, सूर्यपाल सिंह बैस, प्रणयपाल सिंह राजपूत सहित राजपूत समाजजन उपस्थित थे।

### संभावना कार्यक्रम में भजन गायक मालवीय दंपती की शानदार प्रस्तुति




**देवास।** मध्य प्रदेश संस्कृतिक विभाग एवं जनजाति संग्रहालय भोपाल श्यामला हिल्स द्वारा श्रेष्ठ प्रतिभाओं को प्रतिष्ठित कार्यक्रम संभावना में विभिन्न भाषाओं में बेहतरीन गायन, वादन, नृत्य, शैली में आयोजन किए जाते रहे, इसी क?ी में देवास के प्रसिद्ध भजन गायक बद्रीलाल मालवीय एवं सुमित्रा देवी मालवीय ( मालवीय दंपती) को कबीर गायन संतो की वाणी प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त हुआ, जहां गत दिनो उन्होंने अपने भजन संग्रह में से 6 भजनों की बेहतरीन प्रस्तुतियां पेश कर जनता का अभिवादन स्वीकार किया, संगतकार के रूप में उनके साथ ढोलक पर देवीदास बैरागी, वायलिन पर संतोष सारोलिया, मंजीरा पर गब्बर पंचलानिया, नगा?ी पर मनोज गुणावद के शानदार प्रदर्शन से दर्शको की तालियों की ग?ग?ाहट से खुब दाद बटोरी, कार्यक्रम में उपस्थित संस्कृति विभाग एवं जनजातीय संग्रहालय के अधिकारियों व कर्मचारियों व श्रोताओं ने मालवीय दंपति के कबीर भजन गायन की खूब प्रशंसा की, मालवीय दंपति के सांस्कृतिक कार्यक्रम की कला जगत में प्रस्तुति की सराहना की जा रही।

### श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर पर 3 जून को 101 किलो आमरस का महाप्रसाद वितरण

**देवास।** श्री सिद्धि विनायक गणेश मंदिर राजाराम नगर में लगभग 3 वर्षो से प्रति बुधवार महाआरती की जाती है। समिति के बाबूलाल पवार ने बताया कि प्रति बुधवार की महाआरती में आसपास की कालोनियों तथा शहर के भक्त ब?ी संख्या में उपस्थित होकर आरती एवं प्रसादी का लाभ लेते है। समिति के महिला पुरूषों द्वारा श्री गणेश को लगाया जाने वाला भोग घर पर ही तैयार किया जाता है। इस भोग के लिए भक्तजन एडवांस में बुकिंग करवाते है। इस बुधवार 3 जून को श्री गणेश को 101 किलो आम रस का भोग लगाया जाएगा। श्री पवार ने बताया कि जो भी भक्त पांच बुधवार श्री गणेश के दर्शन एवं महाआरती करते है उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। राजाराम नगर स्थित श्री गणेश मंदिर में दूर दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए आते हैं, श्री गणेश के दर्शन से उनके सभी कष्ट दूर होते है एवं मनोकामनाएं पूर्ण होती है। समिति सदस्य अशोक कुमार चौधरी, मोहनसिंह रघुवंशी, पं. सत्येन्द्र शर्मा, पं. प्रमोद जोशी, राजेन्द्र कुमार राठौर, बी.एस. ख.त्री, जैनारायण उपाध्याय, मुकेश जैन, सतीष विजयवर्गीय, परमानंद मेहता, अशोक कुमार झाला, विनोद मुकाती, कर्णसिंह दरबार, ओमप्रकाश माहेश्वरी, कैलाशचंद्र मालवीया, राजेन्द्र चौधरी, सुरेशचंद्र शर्मा, सुभाष परमार, आशु पर्ते, हेमंत मालवीया, नवयुवक श्री गणेश मंडल के सदस्यों द्वारा प्रति बुधवार प्रसादी वितरण में सेवा दी जाती है। समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे 3 जून को महाआरती में पधार कर महाप्रसादी का लाभ लें।

### कालीसिंध गहरीकरण : तीसरे दिन 300 ट्रॉली व 100 डंपर मिट्टी निकाली

**सोनकच्छ।** कालीसिंध गहरीकरण का कार्य तीसरे दिन भी जारी रहा। हालांकि शाम पौने 7 बजे बारिश होने के कारण गहरीकरण कार्य रोकना पड़ा। नप द्वारा जारी क्यूआर कोड पर कुछ राशि प्राप्त भी हुई है। तीसरे दिन 300 ट्रॉली व 100 डंपर मिट्टी निकाली गई। अब तक इस कार्य में 850 ट्रॉली व 275 डंपर मिट्टी निकाली जा चुकी है। वहीं एक निजी व्यक्ति द्वारा स्वयं की जेसीबी मशीन लगाकर भी मिट्टी निकालने का कार्य कर रहा है। रविवार शाम को अचानक बारिश होने से कार्य को रोकना पड़ा। वहीं गहरीकरण कार्य में लगी ट्रैक्टर ट्रॉली मिट्टी फंस गई। वहीं अगर सोमवार को भी बारिश होती है तो कहीं न कहीं गहरीकरण कार्य रुकने की संभावना है।

## देवी अहिल्याबाई होलकर की 301 वीं जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित




**देवास।** 31 मई लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 301 वीं जयंती के अवसर पर नगर के सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा एक निजी शिक्षण संस्थान में विचार गोष्ठी एवं परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। गोष्ठी में वक्ताओं ने अहिल्याबाई होल्कर के आदर्श जीवन, कुशल प्रशासन, न्यायप्रियता एवं जनकल्याणकारी कार्यों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें राष्ट्र की प्रेरणास्रोत महान विभूति बताया।

सर्वप्रथम देवेंद्र बंसल ने अहिल्याबाई होल्कर के जीवनवृत्त एवं उनके सामाजिक, धार्मिक तथा सांस्कृतिक योगदान पर विस्तृत जानकारी दी। प्रोफेसर श्रीमती शर्मिला कांटे ने महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उनके योगदान को रेखांकित करते हुए कहा कि अहिल्याबाई का व्यक्तित्व आज भी महिलाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। अमनदीप खनूजा ने उनके द्वारा निर्मित तालाबों, घाटों, मंदिरों एवं अन्य जनोपयोगी निर्माण कार्यों का उल्लेख करते हुए उनके दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना की।
दीक्षा दुबे ने कहा कि लोकमाता का योगदान इतना व्यापक और युगांतकारी रहा है कि तीन शताब्दियों बाद भी समाज उन्हें श्रद्धा और सम्मान के साथ स्मरण कर रहा है। हजारीलाल जाट ने उनके शिक्षा में दिए गए महत्वपूर्ण योगदान के बारे में बताया, कमलकांत मेहता ने अहिल्याबाई होल्कर की न्यायप्रियता एवं सुशासन पर अपने विचार व्यक्त किए, वहीं नितिन गहिले ने उनके व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उन्हें भारतीय संस्कृति एवं सेवा भाव की अनुपम प्रतीक बताया। कार्यक्रम का संचालन अमितराव पवार ने एवं अशोक सोमानी ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया। गोष्ठी में नगर के अनेक गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता एवं शिक्षाविद उपस्थित रहे।

## शिक्षिका पंचोली का गुना में सार्वजनिक सम्मान




**बागली।** महिला पतंजलि योग समिति मध्य प्रदेश पश्चिम द्वारा शनिवार को आयोजित राज्य स्तरीय विशाल महिला सम्मेलन में बागली क्षेत्र की योग शिक्षिका कीर्ति सुभाष पंचोली का योगपीठ हरिद्वार से आई मुख्य केंद्रीय प्रभारी साध्वी डॉक्टर देव प्रिया जी द्वारा एवं राज्य प्रभारी सुधा दीदी त्रिवेदी तथा गुना कलेक्टर द्वारा सार्वजनिक सम्मान किया गया उक्त सम्मान जिला प्रभारी कमलेश भारद्वाज की अनुशंसा पर महिला पतंजलि योग समिति मध्य प्रदेश पश्चिम द्वारा किया गया सम्मानित होने वाली शिक्षिका श्रीमती कीर्ति पंचोली ने बताया कि महिलाओं को योग के साथ-साथ आत्मरक्षा के उपाय भी आना बेहद जरूरी है। योग के चलते बढ़ती उम्र में आने वाली कई बीमारियों से बचा जा सकता है। भारतवर्ष में ऐसे कई उदाहरण है जहां पर ऋषि मुनि संत और योग से जुड़े कई लोग लंबे समय तक निरोगी जीवन व्यतीत करते हैं। अब स्कूलों में भी योग शिक्षा अनिवार्य कर दी है। बागली से जुड़ी शिक्षिका कीर्ति पंचोली के सम्मानित होने पर पूर्व शिक्षा मंत्री दीपक जोशी बागली विधायक मुरली भंवरा बागली नगर परिषद अध्यक्ष सीमा कमल यादव वरिष्ठ अधिवक्ता प्रवीण चौधरी पत्रकार सुनील योगी मातृशक्ति एवं भारतीय जनता पार्टी की जिला मंत्री शोभा गोस्वामी नगर परिषद उपाध्यक्ष आरती शिव हरे सहित शिक्षक परिवार द्वारा बधाई देते हुए स्वस्थ जीवन की मंगल कामना की।

## हम उस सत्ता के प्रति अंधकार में हैं, जो हमारी अंतर आत्मा है : संत प्रेमाबाई



**देवास।** अपने को न जानने पर किसी और को जानने का कुछ भी मूल्य नहीं है। जो स्वयं से अपरिचित है, वह औरों से कितना ही क्यों न परिचित हो जाए, उसका कोई भी अर्थ नहीं रह जाता। स्वयं के ज्ञान के बिना, औरों के ज्ञान में अर्थ कम, अनर्थ अधिक है। मानव जीवन की सबसे बड़ी कठिनाई, उसका अपने प्रति अज्ञान है। दिया तले अंधेरा वाली कहावत मनुष्य में सत्य सिद्ध होती है। हम उस सत्ता के प्रति अंधकार में है, जो हमारी आत्मा है।

स्वयं को जब हम नहीं जानते, तब ऐसे में यदि हमारा सारा जीवन गलत दिशाओं में चला जाता है तो भला इसमें अचरज क्या है ? आत्मज्ञान के अभाव में जीवन उस नौका की भांति है, जिसकी पतवार चलाने वाले बेहोश है। उक्त प्रेरणादाई विचार बालाजी नगर स्थित मानव उत्थान सेवा समिति आश्रम में आयोजित साप्ताहिक सत्संग में सतपाल महाराज की शिष्या प्रेमाबाई ने व्यक्त किये। उपस्थित अध्यात्म प्रेमियों को संबोधित करते हुए साध्वी जी ने कहा कि जीवन को सम्यक गति एवं गंतव्य देने के लिए स्वयं का ज्ञान अति अनिवार्य है। इसके पहले कि हम यह जाने की हमें क्या होना है, यह जान लेना बहुत जरूरी हो जाता है कि हम क्या है ? हम जो भी है, उसे पहचान कर व उससे परिचित होकर ही हम उस भविष्य की संरचना कर सकते हैं ,जो कि अभी हममें सुप्त है। हम जो है, उसे जानकर ही हममें उसका जन्म होना संभव है, जो अभी अजन्मा है। साध्वी जी ने भजन -रे मानव क्या ढूंढे इस जग में, सब कुछ तेरे अंदर.. की मधुर प्रस्तुति देते हुए कहा जीवन को सार्थकता देने की चाहत जिनमें भी है, उनके लिए आत्मज्ञान आवश्यक है। जो सचमुच चाहते हैं कि वे अपनी जीवन नौका को पूर्णता के तट तक पहुंचाएं, तो कुछ और जानने समझने से पहले, उनके लिए स्वयं को जानना समझना अनिवार्य है। स्वयं के जान लेने के बाद ही संसार संबंधी अन्य ज्ञान का सदुपयोग हो पाता है अन्यथा अज्ञान के हाथों से होकर आया हुआ समस्त प्यारे ज्ञान आत्मघाती ही सिद्ध होता है। ज्ञान की पहली आकांक्षा स्वयं को जानने की है। इस बिंदु पर अंधकार है, तो सब जगह अंधकार है। यदि यहां प्रकाश है, तो सब जगह प्रकाश है। आत्मज्ञान के प्रकाश में संपूर्ण स्वयं ही संपूर्णता से प्रकाशित हो उठता है। कार्यक्रम की शुरुआत में भजन गायक अंगूर सिंह चौहान साथी मदन लोदवाल, जगदीश माली, सुरेश चावण्ड, बंडुराव, बृज बिहारी यादव ने ज्ञान-भक्ति, वैराग्य, गुरु महिमा से ओतप्रोत मधुर भजन प्रस्तुत किए। विश्व शांति की प्रार्थना, आरती प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## बागली नगर में अखिल विश्व गायत्री परिवार ने निकाली नशा मुक्ति जनजागरण रैली

**बागली। गायत्री प्रज्ञापीठ बागली के तत्वाधान में बागली नगर के प्रमुख मार्गो से विश्व तंबाकू निषेध दिवस अवसर पर जन जागरण रैली निकालकर अपील की गई कि तंबाकू सहित अन्य धूम्रपान एवं नशे की लत कई पारिवारिक सदस्यों को निगल गई है। इसलिए इसे छोड़ा जाए**

31 मई को दुनियाभर में विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। इस दिन का लक्ष्य सभी को किसी भी तरह के तंबाकू का सेवन नहीं करने के लिए प्रेरित करना है। साथ ही इस दिन तंबाकू सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक भी किया जाता है। अधिक से अधिक लोगों को धूम्रपान और तंबाकू से दूर रहने के लिए प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जाता है। लोगों को तंबाकू से होने वाले स्वास्थ्य नुकसान की जानकारी सभी को होना चाहिए उक्त बातें गायत्री परिवार से जुड़े आशीष गुप्ता ने कहते हुए बताया अखिल विश्व गायत्री परिवार के माध्यम से यह जन जागरण रेली निकाली गई और रैली के पश्चात गायत्री प्रज्ञापीठ स्थल बागली में सर्व कल्याण हेतु पच कुंडीय यज्ञ विश्व कल्याण हेतु किया गया इस यज्ञ में क्षेत्र से जुड़े कई सामाजिक कार्यकर्ता एवं मातृ शक्तियों विशेष रूप से उपस्थित रही भारतीय जनता पार्टी की जिला मंत्री शोभा गोस्वामी ने इस अवसर पर बताया कि उनका सौभाग्य यह रहा कि वह भी इस परोपकारी यज्ञ में शामिल हुई इस दौरान गायत्री परिवार से जुड़े केवल राम शर्मा विजय यादव सेवानिवृत्त शिक्षक राम प्रसाद खराडिया मुकेश गुप्ता पुष्कर राज गुप्ता सूची मोदी शिक्षिका शीला राठौर सरोज जौहरी दाखा कारपेंटर गीता चौधरी सहित बड़ी संख्या में छोटे बच्चे हाथ में तंबाकू निषेध संदेश की तख्तिया लेकर रैली में चल रहे थे ।






**एक नजर** डॉ माला सिंह ठाकुर मुख्य वक्ता के रूप में हुईं शामिल

## अखिल भारतीय मारवाड़ी महिला सम्मेलन देवास शाखा का शपथ विधि समारोह

**देवास।** अखिल भारतीय मारवाडी महिला सम्मेलन देवास शाखा में अध्यक्ष मंजू बाला जैन, सचिव राजश्री सोनी, कोषाध्यक्ष सरिता महाजन और समस्त कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आगामी राष्ट्रीय अध्यक्ष इंदु गर्ग इंदौर, राष्ट्रीय बाल विकास प्रमुख अंशु गुप्ता महू, मुख्य वक्ता डॉ माला सिंह ठाकुर इंदौर, शपथ अधिकारी एवं प्रांतीय अध्यक्ष संतोष सोडानी उज्जैन, सचिव संगीता भूतड़ा उज्जैन, प्रांतीय कोषाध्यक्ष राजकुमारी माहेश्वरी उज्जैन ,पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष सुमन मूंदड़ा देवास, इंदु सोमानी देवास, राजकुमारी बागड़ी उज्जैन, प्रांतीय बाल विकास प्रमुख शकुंतला सोनी देवास के सानिध्य में बहुत ही उत्साह पूर्वक संपन्न हुआ। अतिथियों के द्वारा माँ चामुंडा मां तुलजा को दीप प्रज्वलन माल्यार्पण किया गया। नमस्कार मंत्र, गायत्री मंत्र, समिति की प्रार्थना तथा ओंकार की ध्वनि के साथ कार्यक्रम का प्रारंभ हुआ। अतिथि का स्वागत नृत्य द्वारा स्वागत किया गया।

अध्यक्ष सचिव कोषाध्यक्ष को प्रांत के पदाधिकारी तथा निवृतमान शाखा पदाधिकारी द्वारा बैच, पट्टा, ताज पहना कर 2026-28 कार्यभार सौंपा। अध्यक्षीय उद्बोधन में अध्यक्ष मंजूबाला जैन ने कहा कि सेवा, समर्पण और संस्कारों के साथ संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाना ही उनकी कार्यकारिणी का संकल्प है। सचिव उद्बोधन में राजश्री सोनी द्वारा विगत माह का प्रतिवेदन और आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा रखी गई। अप्रेल ,मई माह में की गई प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरित किए। महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत आलू वेफर, चावल कुंडलई, आलू पाप?, आचार के स्थाई प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया गया। बाल विकास के सेवा कार्य में एक बालक की फीस दी गई। संस्कार संस्कृति के अंतर्गत अधिक मास में ठाकुर जी का नौका विहार करवाया। माँ अहिल्या की जन्मतिथि 30 मई के उपलक्ष्य में माँ अहिल्या का स्वरूप शशि दुसाद द्वारा रखा गया तथा डॉ मालासिंह ठाकुर का संस्कार विषय पर उद्बोधन हुआ। पर्यावरण प्रकल्प के तहत सभी अतिथियों को पौधे भेट किए तथा नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। सभी पदाधिकारी के उद्बोधन भी प्रेरणादायक थे। संचालन मीना विजयवर्गीय द्वारा किया गया। आभार कोषाध्यक्ष सरिता महाजन ने माना। सभी कार्यक्रम में समिति की सभी बहनों ने अपने अपने उत्तरदायित्व के आधार पर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम में प्रकल्प और समिति प्रमुख डॉ किरण भार्गव ,पूजा अग्रवाल ,कुसुम अग्रवाल, दुर्गा पोरवाल, शकुंतला मंगल ,डिम्पल सोनी ,रीना बिंदल, संगीता गोयल अपनी टीम के साथ उपस्थित रही तथा सभी कार्यक्रम में भाग लिया। सभी पूर्व अध्यक्ष बहने तथा समिति की सभी आजीवन एवं नवीन सदस्य बहनें विशेष रूप से उपस्थित रही। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ पूर्ण हुआ।

